<u>गेल (इंडिया) लिमिटेड</u>

<u>कार्यपालक प्रशिक्षु की भर्ती (गेट-2022 अंक के आधार पर)</u>

# प्राय: पूछे जाने वाले प्रश्न

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | मैं वर्तमान में बीई/बीटेक कोर्स के अंतिम वर्ष में हूँ। क्या मैं कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के योग्य हूँ? | वर्तमान में अपने इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स के अंतिम वर्ष (2021-22) में पढ़ रहे उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते सामान्य और ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों ने आवेदन करने के समय अंतिम सेमेस्टर / वर्ष की परीक्षा में कुल न्यूनतम 65% अंक और अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी से संबंधित उम्मीदवारों ने कुल न्यूनतम 60% अंक हासिल किए हों। कृपया गेल वेबसाइट https://gailonline.com के कॅरियर सेक्शन में विस्तृत विज्ञापन के खंड 3.10 का संदर्भ लें। |
| 2. | मैं गेट-2021 के लिए उपस्थित हुआ हूँ और मेरे पास गेट स्कोर है । क्या मैं कार्यकारी प्रशिक्षु के लिए आवेदन कर सकता हूं? | कृपया नोट करें कि इस भर्ती के लिए केवल गेट-2022 के अंक ही वैध हैं। गेट-2021 या उससे पूर्व के अंक मान्य नहीं हैं। कृपया गेल वेबसाइट पर डाले गए विस्तृत विज्ञापन के खंड 8.3 का संदर्भ लें । |
| 3. | मैंने वर्ष 2020 में इंजीनियरिंग में अपनी स्नातक की डिग्री पूरी कर ली है । क्या मैं कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हूँ? | जिन उम्मीदवारों ने **वर्ष 2020 या उससे पहले** प्रासंगिक विषय / शाखा में इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री पूरी कर ली है, वे ई-2 ग्रेड में कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के **पात्र नहीं हैं**। आप गेल वेबसाइट पर डाले गए विस्तृत विज्ञापन के खंड 3.12 का संदर्भ ले सकते हैं। |
| 4. | मेरे पास इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.ई. /बी.टेक डिग्री है। लेकिन इस शाखा का विस्तृत विज्ञापन में उल्लेख नहीं किया गया है। क्या मैं कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) के पद के लिए आवेदन कर सकता हूं? | हम सूचित करना चाहते हैं कि कार्यपालक प्रशिक्षु (इंस्ट्रूमेंटेशन) के पद के लिए, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन शाखा के इंजीनियरिंग स्नातक पात्र नहीं हैं। आप गेल वेबसाइट पर डाले गए विस्तृत विज्ञापन के खंड 8 का संदर्भ ले सकते हैं। |
| 5. | मैंने वर्ष 2020 में अपनी 05 वर्षीय बीई / बी टेक + एमई / एम.टेक एकीकृत दोहरी डिग्री पूरी की है और गेट-2022 के लिए आवेदन किया है । क्या मैं कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हूं? | जिन उम्मीदवारों ने **वर्ष 2020 में या इससे पहले** प्रासंगिक विषय / शाखा में इंजीनियरिंग (इंजीनियरिंग कोर्स में 05 वर्षों की बीई / बी टेक + एमई / एम.टेक एकीकृत दोहरी डिग्री सहित) में अपनी स्नातक डिग्री पूरी कर ली है, वे ई-2 ग्रेड में कार्यपालक प्रशिक्षु पद के लिए आवेदन करने के लिए **पात्र नहीं हैं** । |

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| | | आप गेल वेबसाइट पर डाले गए विस्तृत विज्ञापन के खंड 3.12 का संदर्भ ले सकते हैं। |
| 6. | मेरे पास ऐसी शाखा/विषय में बी.ई./बी.टेक डिग्री है, जिसे विस्तृत विज्ञापन में निर्दिष्ट नहीं किया गया है। क्या मैं किसी भी इंजीनियरिंग विषय में कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन कर सकता हूं? | **जी नहीं।**<br><br>विस्तृत विज्ञापन में निर्दिष्ट शाखा / विषय के अलावा किसी शाखा में इंजीनियरिंग की डिग्री रखने वाले उम्मीदवार इंजीनियरिंग विषय में कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं। |
| 7. | क्या एएमआईई कर चुके उम्मीदवार इंजीनियरिंग विषय में कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं? | **केवल पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रमों पर विचार किया जाएगा।** आप गेल वेबसाइट पर डाले गए विस्तृत विज्ञापन के खंड 3 का संदर्भ ले सकते हैं। इसे देखते हुए, एएमआईई योग्यता हमारी अपेक्षाओं को पूरा नहीं करती है और इसलिए, एएमआईई योग्यता रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं। |
| 8. | मुझे अपनी इंजीनियरिंग डिग्री की मान्यता के बारे में निश्चितता नहीं है, क्या मैं आवेदन कर सकता हूं? | जैसा कि विस्तृत विज्ञापन के खंड 3.3 में निर्दिष्ट किया गया है, योग्यता यूजीसी से मान्यता-प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / यूजीसी द्वारा मान्यता-प्राप्त भारतीय मानित विश्वविद्यालय या स्वायत्त भारतीय संस्थानों/ संबंधित वैधानिक परिषद (ज़हां भी लागू हो) से एआईसीटीई द्वारा मान्यता-प्राप्त कोर्स में प्राप्त की जानी चाहिए। |
| 9. | बीई/बी.टेक के अंतिम सेमेस्टर में मेरे अंक 65% हैं। क्या मैं कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन कर सकता हूं? | विज्ञापन में निर्दिष्टानुसार, अनिवार्य योग्यता(ओं) में अंकों का न्यूनतम प्रतिशत संस्थान/विश्वविद्यालय के नियमों/मानदंडों के अनुसार माना जाएगा। |
| 10. | क्या शैक्षणिक योग्यता में अंकों के प्रतिशत में कोई छूट है? | अनिवार्य योग्यता में न्यूनतम प्रतिशत अंकों में छूट अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए प्रदान की जाएगी, जो विशेष रूप से संबंधित श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन कर रहे हैं। जहां अनिवार्य योग्यता में न्यूनतम प्रतिशत अंक 65% निर्दिष्ट किए गए हैं, वहां अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आवश्यक योग्यता में न्यूनतम प्रतिशत अंक में छूट 60% है। अनारक्षित (यूआर) पदों के लिए आवेदन करने वाले अ.जा., अ.ज.जा. और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों को योग्यता के सामान्य मानक के तहत माना जाएगा और शिक्षा योग्यता में न्यूनतम योग्यता प्रतिशत अंकों में कोई छूट उपलब्ध नहीं होगी। |

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 11. | मेरे स्नातक इंजीनियरिंग डिग्री कोर्स में अंकों के प्रतिशत के स्थान पर केवल सीजीपीए / जीपीए / सीपीआई दिया गया है। क्या मैं अपने आवेदन में ग्रेड दर्ज कर सकता हूं? | जिन उम्मीदवारों को सीजीपीए / जीपीए / सीपीआई या पत्र ग्रेड प्रदान किया गया है, को ग्रेड को **प्रतिशत** में परिवर्तित करना चाहिए और **आवेदन पत्र में केवल समान प्रतिशत अंक प्रदान करने चाहिएं** । अनिवार्य योग्यता में विनिर्दिष्ट अनुसार अंकों के न्यूनतम प्रतिशत को संस्थान / विश्वविद्यालय के नियमों / मानदंडों के अनुसार माना जाएगा । यदि विश्वविद्यालय / संस्थान कोई प्रतिशत या परिवर्तन फॉर्मूला प्रदान नहीं करते हैं, तो उम्मीदवार को विश्वविद्यालय / संस्थान से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक है, जो कि जीडी और/या साक्षात्कार के समय अपेक्षित होगा । |
| 12. | क्या गेल में कार्यपालक प्रशिक्षु के विज्ञापित पदों के लिए आवेदन करने हेतु अलग से आवेदन शुल्क देना होगा? | **जी नहीं।**<br>गेल में कार्यपालक प्रशिक्षु के विज्ञापित पदों के लिए आवेदन करने के लिए कोई अलग से आवेदन शुल्क नहीं है। तथापि, उम्मीदवारों को गेट-2022 में बैठने के लिए गेट की आधिकारिक वेबसाइट में विनिर्दिष्ट किए अनुसार अपेक्षित शुल्क का भुगतान करना होगा। गेट के बारे में जानकारी 07 आईआईटी - बॉम्बे, दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास तथा रुड़की और आईआईएससी, बैंगलोर की वेबसाइट में भी उपलब्ध है। |
| 13. | मैं पिछले वर्ष गेट में उपस्थित हुआ था। क्या मुझे इस वर्ष गेट की परीक्षा देनी होगी? | **जी हाँ।**<br>गेट-2022 के अंक वर्ष 2022 के लिए गेल में भर्ती के लिए विचार करने हेतु एकमात्र वैध अंक है। गेट-2021 या उससे पूर्व के अंकों पर भर्ती के उद्देश्य के लिए गेल द्वारा विचार नहीं किया जाएगा। |
| 14. | गेट कई पेपरों में अपनी परीक्षा आयोजित करता है। क्या सभी पेपरों के अंकों को गेल द्वारा माना जाएगा? | **जी नहीं।**<br>गेल 03 इंजीनियरिंग विषयों में गेट-2022 के अंकों पर विचार करेगा, जिसका विज्ञापन दिया गया है। कृपया गेल वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन देखें। |
| 15. | क्या गेट में बैठने के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा है? | गेट-2022 की आधिकारिक वेबसाइट में दी गई सूचना के अनुसार, गेट-2022 में आवेदन करने के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है (कृपया इसकी पुष्टि के लिए गेट-2022 की आधिकारिक वेबसाइट देखें)। तथापि, गेल में कार्यपालक प्रशिक्षु के विज्ञापित पदों पर आवेदन करने के लिए, उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन में निर्दिष्ट ऊपरी आयु सीमा मानदंड को पूरा करना होगा। कृपया गेल वेबसाइट में विस्तृत विज्ञापन के खंड 4 का संदर्भ लें। |

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 16. | मैं अनारक्षित वर्ग से संबंध रखता/ती हूँ और 16.03.2022 को मेरी आयु **26 वर्ष 2 दिन** है। क्या मैं पात्र हूँ? | **जी नहीं।**<br>विज्ञापन के अनुसार, गेल में आवेदन हेतु **16.03.2022** को ऊपरी आयु सीमा **26** वर्ष है। |
| 17. | गेट में उपस्थित होने के लिए क्या कोई न्यूनतम % अंकों की आवश्यकता है? | गेट-2022 की आधिकारिक वेबसाइट में दी गई सूचना के अनुसार, गेट-2022 में आवेदन करने के लिए कोई न्यूनतम % अंकों की आवश्यकता नहीं है (कृपया इसकी पुष्टि के लिए गेट-2022 की आधिकारिक वेबसाइट देखें)। तथापि, गेल में कार्यपालक प्रशिक्षु के विज्ञापित पदों पर आवेदन करने के लिए, उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन में निर्दिष्ट अनिवार्य योग्यता के न्यूनतम प्रतिशत अंकों की शर्त को पूरा करना होगा।<br>कृपया गेल वेबसाइट पर विस्तृत विज्ञापन की **तालिका - II** और खंड सं.**3.9, 3.10 और 3.11** का संदर्भ लें। |
| 18. | गेट-2022 में उपस्थित होने के लिए कोई शारीरिक फिटनेस के मानदंड हैं? | गेट-2022 की आधिकारिक वेबसाइट में दी गई सूचना के अनुसार, गेट-2022 में बैठने के लिए कोई शारीरिक फिटनेस मापदंड नहीं है (कृपया इसकी पुष्टि के लिए गेट-2022 की आधिकारिक वेबसाइट देखें)।<br>तथापि, गेल में कार्यपालक प्रशिक्षु के विज्ञापित पदों पर उम्मीदवार की नियुक्ति गेल द्वारा पद के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार चिकित्सकीय रूप से फिट होने के अधीन होगी।<br>कृपया गेल वेबसाइट के विस्तृत विज्ञापन के खंड **7** का संदर्भ लें। |
| 19. | यदि मैं अपने गेट-2022 परीक्षा स्थल बदलना चाहता/ती हूँ या गेट-2022 फॉर्म में गलती सुधारना चाहता/ती हूं या यदि मुझे पंजीकरण संख्या के साथ अपना गेट प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है, तो मुझे किससे संपर्क करना चाहिए? | आपको गेट - 2022 प्राधिकारियों से संपर्क करना होगा। गेट 2022 परीक्षा आयोजित करने पर गेल का कोई नियंत्रण नहीं है। गेट-2022 बुलेटिन में प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है। |
| 20. | मैं कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए गेल में कब आवेदन कर सकता हूं ? | गेल की ऑनलाइन आवेदन करने की प्रणाली दिनांक 15.02.2022 को 1100 बजे से दिनांक 16.03.2022 को 1800 बजे तक उपलब्ध होगी। |
| 21. | गेल गेट स्कोर का उपयोग कैसे करेगा? | जिन उम्मीदवारों ने गेल में आवेदन किया है उनको शॉर्टलिस्ट करने के लिए गेल गेट-2022 के अंकों का उपयोग करेगा। आगे की |

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| | | चयन प्रक्रिया में जीडी और / या साक्षात्कार शामिल होगा। गेल को सीधे गेट प्राधिकारी से गेट-2022 स्कोर प्राप्त होंगे । तथापि, गेल के पास किसी भी स्तर पर चयन प्रक्रिया को बदलने/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है। केवल वे उम्मीदवार, जो संबंधित इंजीनियरिंग डिग्री के साथ प्रासंगिक विषयों में गेट-2022 में सम्मिलित होंगे और जिन्होंने गेल के साथ स्वयं को पंजीकृत किया है, और सभी मामलों में पात्र हैं, गेल में आगे की चयन प्रक्रिया के लिए उन्हीं पर विचार किया जाएगा । |
| 22. | क्या मैं गेट-2022 के प्रवेश-पत्र को डाउनलोड करने से पहले गेल में आवेदन कर सकता हूं? | जी नहीं।<br>गेट-2022 प्रवेश-पत्र में आपका गेट-2022 पंजीकरण संख्या होगा, जो कि गेल में आवेदन हेतु पूर्वापेक्षा है । |
| 23. | गेल में कार्यपालक प्रशिक्षुओं के विज्ञापित पद के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया क्या है? | ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विस्तृत तरीका / प्रक्रिया / निर्देश गेल की वेबसाइट https://gailonline.com पर दिनांक **15.02.2022** को **1100 बजे** होस्ट किए जाएंगे। |
| 24. | मैं सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी में कार्यरत हूँ। क्या मुझे पद के लिए आवेदन करते समय अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र/ अग्रेषण पत्र संलग्न करना चाहिए ? | वर्तमान में केंद्र/राज्य सरकार के विभागों, केंद्र / राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या अर्ध सरकारी संगठन में कार्यरत उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया (समूह चर्चा और / या साक्षात्कार) में बुलाए जाने के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) अनिवार्यत: प्रस्तुत करना होगा । इस संबंध में एनओसी के अलावा अन्य कोई दस्तावेज स्वीकार्य नहीं होगा । आप तदनुसार आवेदन कर सकते हैं। |
| 25. | मैं प्रश्न पूछने के लिए किससे संपर्क करूं? | ऊपर उत्तर न दिए गए किसी भी प्रश्न के लिए, आप हमें career@gail.co.in पर लिख सकते हैं। |
| 26. | मैंने अपनी 05 वर्ष की बीई / बीटेक / एमबीए की दोहरी डिग्री प्राप्त कर ली है और गेट-2022 के लिए आवेदन किया है। क्या मैं कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के पात्र हूं? | जी नहीं।<br>जिन उम्मीदवारों के पास संबंधित विषय में इंजीनियरिंग की 05 वर्षीय बी.ई./बी.टेक/एम. टेक की एकीकृत दोहरी डिग्री है, केवल उन्हीं पर विचार किया जाएगा।<br>बी.ई./ बी.टेक + एमबीए जैसी अन्य किसी प्रकार की एकीकृत दोहरी डिग्री कोर्स करने वाले उम्मीदवार कार्यपालक प्रशिक्षु के पद के लिए आवेदन करने के पात्र नहीं हैं। आप गेल की वेबसाइट पर डाले गए विस्तृत विज्ञापन के खंड **3.7** का संदर्भ ले सकते हैं। |

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 27. | मैं ओबीसी "क्रीमी लेयर" से संबंधित हूँ। आवेदन करते समय मुझे किस श्रेणी का चयन करना चाहिए? | ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवार, जो "क्रीमी लेयर" से संबंधित हैं, ओबीसी छूट प्राप्त करने के पात्र नहीं हैं और ऐसे उम्मीदवारों को गेल में आवेदन करते समय अपनी श्रेणी को "सामान्य" के रूप में इंगित करना होगा।<br>आप गेल की वेबसाइट पर डाले गए विस्तृत विज्ञापन के खंड 9.5 का संदर्भ ले सकते हैं। |
| 28. | रिक्तियों की कुल संख्या क्या है? | नियत समय में डिसिप्लिन-वाइज़ कुल रिक्तियां अधिसूचित की जाएंगी, जो गेल की आवश्यकता के अनुसार बढ़ या घट सकती हैं। |
| 29. | मैं ओबीसी (एनसीएल) श्रेणी से संबंधित हूं और मेरा उक्त प्रमाण पत्र मई 2021 में जारी किया गया है? क्या वही मेरी श्रेणी और जाति का प्रमाण होगा? | उम्मीदवारों को ध्यान देना चाहिए कि ओबीसी (एनसीएल) प्रमाणपत्र गेल में जीडी और / या साक्षात्कार की तिथि पर मान्य होना चाहिए।<br>यदि ओबीसी (एनसीएल) की वैधता तिथि चयन प्रक्रिया (जीडी और / या साक्षात्कार) पर समाप्त हो जाती है, तो उम्मीदवार को सक्षम प्राधिकारी के पास पुन: आवेदन करना होगा और निर्धारित प्रारूप में अद्यतन किए गए प्रमाण पत्र को गेल में चयन प्रक्रिया की तिथि पर ले जाना होगा।<br>आप गेल की वेबसाइट पर डाले गए विस्तृत विज्ञापन के खंड 8.10.iv.c का संदर्भ ले सकते हैं। |
| 30. | मैं ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित हूं और मेरा उक्त प्रमाण पत्र मई 2021 में जारी किया गया है? | उम्मीदवार ध्यान दें कि ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र गेल में ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किए जाने की अंतिम तिथि अर्थात् 16.03.2022 पर मान्य होना चाहिए। |
| 31 | मैंने वर्ष 2021 में बी.टेक में 64.95% अंक प्राप्त किए हैं और वर्तमान में यूआर श्रेणी के तहत गेट 2022 सहित कार्यपालक प्रशिक्षु (मेकेनिकल) पद के लिए आवेदन कर रहा हूं। क्या मैं पात्र हूँ। | यह ध्यान दिया जाए कि स्नातक डिग्री / मास्टर डिग्री आदि में प्राप्त अंकों के प्रतिशत की गणना के लिए अंकों को अगले उच्च अंक तक पूर्णांकित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी अर्थात् यूआर श्रेणी के लिए 64.99% को भी 65% नहीं माना जाएगा।<br>इसी प्रकार, प्रत्येक श्रेणी के लिए निर्दिष्ट न्यूनतम कट ऑफ अंकों के समक्ष अगली उच्च संख्या में अंकों को पूर्णांकित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।<br>आप गेल की वेबसाइट पर डाले गए विस्तृत विज्ञापन के खंड 2 का संदर्भ ले सकते हैं। |